# राजस्थान सरकार
## ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग
### सामाजिक लेखा परीक्षा, जवाबदेही एवं पारदर्शिता सोसाइटी(SSAAT)
कमरा नं. 8320, एस.एस.ओ. बिल्डिंग, शासन सचिवालय, जयपुर

**email Id: dir.socialaudit@rajasthan.gov.in & Phone No.** 0141.2227033


**क्रमांकः** एफ 61(350)SSAAT/लोकपाल चयन/2024 पार्ट–7/ As per E-sign जयपुर, दिनांक

जिला कलेक्टर एवं
जिला कार्यक्रम समन्वयक (ईजीएस),
अलवर।

विषयः– महात्मा गांधी नरेगा योजना अन्तर्गत लोकपाल पद हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों के परीक्षण उपरान्त पात्र आवदेन पत्र भिजवाये जाने के संबंध में।

संदर्भः– इस विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति राजकाज नं. 17291613 दिनांक 21.08.2025, अति.मुख्य सचिव ग्रा.वि. वि. पत्र क्रमांक 1383 दिनांक 25.08.2025, संशोधित विज्ञप्ति राजकाज नं 17895391 दिनांक 19.09. 2025, पत्र क्रमांक 17944472 दिनांक 23.09.2025 एवं पत्र क्रमांक 18330103 दिनांक 14.10.2025 के क्रम में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं संदर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देश दिनांक 20.03.2023 के अन्तर्गत महात्मा गांधी नरेगा योजना के क्रियान्वयन के संबंध में प्राप्त होने वाली विभिन्न शिकायतों एवं अभाव अभियोग के निराकरण आदि की प्रभावी प्रणाली विकसित करने के लिए विभाग द्वारा विज्ञप्ति दिनांक 21.08.2025 एवं संशोधित विज्ञप्ति दिनांक 19.09.2025 जारी कर अजमेर, अलवर, करौली एवं टोंक जिले में लोकपाल पद हेतु योग्य आवेदकों से दिनांक 26.09.2025 तक आपके कार्यालय के माध्यम से आवेदन पत्र चाहे गये थे।

आपके कार्यालय में दिनांक 26.09.2025 तक प्राप्त आवेदन पत्रों का आपके कार्यालय स्तर से परीक्षण उपरांत विज्ञप्ति मे दी गई शर्तो के अनुसार **प्रपत्र " भाग य "** की पूर्ति कर केवल पात्र आवेदको के आवेदन पत्र इस कार्यालय को निर्धारित तिथि 08.10.2025 तक निदेशक, सामाजिक लेखा परीक्षा, जवाबदेही एवं पारदर्शिता सोसायटी (SSAAT), कमरा न. 8232, उत्तर पश्चिम भवन, शासन सचिवालय, जयपुर को डाक अथवा व्यक्तिशः भिजवाया जाना था लेकिन आदिनांक तक पात्र पाए गए आवेदन पत्र इस कार्यालय को प्राप्त नही हुए है। इस कारण साक्षात्कार की प्रक्रिया में विलम्ब हो रहा है।

अतः आपके कार्यालय में प्राप्त आवेदन पत्रो का परीक्षण उपरांत विज्ञप्ति मे दी गई शर्तो के अनुसार **प्रपत्र "भाग य"** की पूर्ति कर केवल पात्र आवेदको के आवेदन पत्र अतिशीघ्र इस कार्यालय को भिजवाया जाना सुनिश्चित करे।

(सांवर मल वर्मा)
**निदेशक,**
**सामाजिक लेखा परीक्षा जवाबदेही एवं**
**पारदर्शिता सोसायटी (SSAAT)**

क्रमांकः एफ 61(350)SSAAT/लोकपाल चयन/2024 पार्ट–7 As per E-sign जयपुर, दिनांकः

<u>प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है</u> :–

अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद (ईजीएस), अलवर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

Signature Not Verified

Digitally signed by Sanwar Mal Verma
Designation : Director
Date: 2025.11.21 14:34:30 IST
Reason: Approved

निदेशक (SSAAT)